# BROADBAND & IPTV NEWS
# ब्रॉडबैंड व आईपीटीवी न्यूज़


## NETFLIX SHIFTS FOCUS FROM SCALE TO PROFITABILITY

Netflix appears to be entering a new strategic phase centred on monetisation and operational efficiency after reportedly stepping away from a potential Warner Bros. Discovery deal. Industry observers say the streamer is now prioritising advertising, live programming, content ownership and higher average revenue per user (ARPU) over aggressive expansion. The shift comes as Netflix posted an 82% jump in quarterly profit to $5.23 billion, signalling that its profitability-focused strategy is gaining traction. India is expected to remain a key market in testing the company's next phase of growth.




## INDIA'S OTT AUDIENCE BASE CONTINUES TO EXPAND

India's OTT ecosystem has reached an estimated 1.45 billion monthly active users, according to a CLSA report, driven by affordable data and growing smartphone penetration. YouTube continues to dominate the market with 772 million users, followed by JioHotstar at 390 million. Netflix and Amazon Prime Video reported 92 million and 67 million users respectively. The report also projects India's smartphone user base to rise to 885 million by FY28, further strengthening the streaming economy.




## GOVERNMENT ADVANCES OTT EMPANELMENT PROCESS

The Ministry of Information and Broadcasting has opened financial bids for the empanelment of OTT platforms as part of its digital media outreach initiatives. The process, overseen by the Central Bureau of Communication, is aimed at creating a structured framework for engaging streaming platforms in government communication campaigns. Officials said the move reflects the increasing importance of OTT services in reaching large and diverse digital audiences across the country.




## नेटफ्लिक्स का ध्यान अब विस्तार से हटकर मुनाफे पर

वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के साथ संभावित सौदे से कथित तौर पर पीछे हटने के बाद, नेटफ्लिक्स अब एक नये रणनीतिक दौर में प्रवेश करता हुआ दिख रहा है, जिसका केंद्र मुद्रीकरण और परिचालन दक्षता है। उद्योग के जानकारों का कहना है कि यह स्ट्रीमिंग सेवा अब आक्रामक विस्तार के बजाय विज्ञापन, लाइव प्रोग्रामिंग, कंटेंट के स्वामित्व और प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) बढ़ाने को प्राथमिकता दे रही है। यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब नेटफ्लिक्स ने अपने तिमाही मुनाफे में **82%** की उछाल दर्ज करते हुए इसे **5.23** बिलियन डॉलर तक पहुंचाया है, यह इस बात का संकेत है कि मुनाफे पर केंद्रित उसकी रणनीति अब जोर पकड़ रही है। उम्मीद है कि कंपनी के विकास के अगले चरण की परख के लिए भारत एक प्रमुख बाजार बना रहेगा।

## भारत का ओटीटी दर्शक वर्ग लगातार बढ़ रहा है

सीएलएसए की एक रिपोर्ट के अनुसार, सस्ते डेटा और स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुंच के कारण, भारत का ओटीटी इकोसिस्टम बढ़कर लगभग **1.45** बिलियन मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं तक पहुंच गया है। यूट्यूब **772** मिलियन उपयोगकर्ताओं के साथ बाजार पर अपना दबदबा बनाये हुए है, जिसके बाद **390** मिलियन उपयोगकर्ताओं के साथ जियो हॉटस्टार का स्थान आता है। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो ने क्रमशः **92** और **67** मिलियन उपयोगकर्ताओं की जानकारी दी है। वित्तवर्ष **2028** तक भारत का स्मार्टफोन आधार बढ़कर **885** मिलियन हो जायेगा, जिससे स्ट्रीमिंग अर्थव्यवस्था और मजबूती मिलेगी।

## सरकार ने ओटीटी पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया

सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने अपनी डिजिटल मीडिया आउटरीच पहलों के तहत ओटीटी प्लेटफॉर्मों को पैनल में शामिल करने के लिए वित्तीय बोलियां खोली हैं। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन की देखरेख में चल रही सरकारी संचार अभियानों में स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को शामिल करने के लिए एक व्यवस्थित ढ़ांचा तैयार करना है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम पूरे देश में बड़े और अलग-अलग तरह के डिजिटल दर्शकों तक पहुंचने में ओटीटी सेवाओं के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

BROADBAND & IPTV NEWS
ब्रॉडबैंड व आईपीटीवी न्यूज

## ITALIAN COURT RULES AGAINST NETFLIX PRICE HIKES

A court in Rome has ruled that Netflix's subscription fee increases in Italy over the past several years were unlawful, according to international media reports. The judgment held that contractual clauses allowing unilateral price hikes violated consumer protection rules. Netflix has reportedly been directed to compensate affected subscribers and publish details of the ruling to inform customers about potential refunds.




## इटली की अदालत ने नेटफ्लिस्क की कीमतों के खिलाफ फैसला सुनाया

अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रोम की अदालत ने एक फैसला सुनाया है कि पिछले कुछ सालों में इटली में नेटफ्लिस्क की सब्सक्रिप्शन शुल्क में की गयी बढ़ोतरी गैर-कानूनी थी। फैसले में कहा गया है कि कॉन्ट्रैक्ट के वे नियम, जो एकतरफा तरीके से कीमतों को बढ़ाने की इजाजत देते हैं, उपभोक्ता संरक्षण नियमों का उल्लंघन करते हैं। बताया जा रहा है कि नेटफ्लिस्क को प्रभावित सब्सक्राइबर्स को मुआवजा देने और ग्राहकों को संभावित रिफंड के बारे में जानकारी देने के लिए फैसले का विवरण प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

## AMEESH RAI JOINS MONEYCONTROL HINDI AS DEPUTY EDITOR

Network18 has appointed Ameesh Rai as Deputy Editor for Moneycontrol Hindi, strengthening its leadership team for Hindi digital content. Rai joins from the India Today Group's TAK network, where he worked across UP Tak and News Tak. With nearly 16 years of experience in print, television and digital journalism, he is expected to focus on business, policy and political stories with direct relevance to Indian audiences.

## मनीकंट्रोल हिंदी में डिप्टी एडिटर बने अमीश राय

नेटवर्क 18 ने अमीश राय को मनीकंट्रोल हिंदी का डिप्टी एडिटर नियुक्त किया है, जिससे हिंदी डिजिटल कंटेंट के लिए उनकी लीडरशिप टीम और मजबूत हुई है। राय इंडियाटूडे ग्रुप के तक नेटवर्क से आये हैं, जहां उन्होंने यूपी तक और यूज तक के लिए काम किया। प्रिंट, टेलीविजन और डिजिटल पत्रकारिता में लगभग 16 साल के अनुभव के साथ उनसे उम्मीद की जाती है कि वे उन बिजनेस, पॉलिसी और राजनीतिक कहानियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे जिनका भारतीय दर्शकों के साथ सीधा जुड़ाव हो।

## DD FREE DISH DRIVES PRASAR BHARATI'S COMMERCIAL REVENUES

DD Free Dish has emerged as the biggest contributor to Prasar Bharati's internal revenues, generating Rs 1,285 crore in FY24 through DTH-related income. The free-to-air platform now accounts for a substantial share of the broadcaster's commercial earnings, surpassing several traditional revenue streams. The figures underline the growing strategic importance of DD Free Dish in supporting Prasar Bharati's finances alongside government funding support.■

## डीडी फ्रीडिश से प्रसार भारती के कमर्शियल कमाई को बढ़ावा

डीडी फ्रीडिश, प्रसार भारती की अंदरूनी कमाई में सबसे अधिक योगदान देने वाला बन गया है। एफवाई24 में डीटीएच से जुड़ी कमाई से इसने 1285 करोड़ रुपये कमाये। यह 'फ्री-टू-एयर' प्लेटफॉर्म अब प्रसारक की कमर्शियल कमायी का एक बड़ा हिस्सा बन गया है और इसने कमायी के कई पुराने तरीकों को पीछे छोड़ दिया है। ये आंकड़े इस बात पर जोर देते हैं कि सरकारी फंडिंग के साथ-साथ प्रसार भारती की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में डीडी फ्री डिश की रणनीतिक अहमियत लगातार बढ़ रही है।■